
समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

# रात 3 बजे अमिताभ बच्चन का आया फोन, अयोध्या मे ₹15 करोड़ की जमीन खरीदने की जताई इच्छा ; रियल एस्टेट कारोबारी ने सुनाया किस्सा

Sanket Morankar

Published on 08 Jul 2026



बॉलीवुड के महानायक **अमिताभ बच्चन** ने अयोध्या में जमीन खरीदने को लेकर खुद रियल एस्टेट कारोबारी **अभिनंदन लोढ़ा** से संपर्क किया था। इस बात का खुलासा द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा (HoABL) के संस्थापक एवं चेयरमैन **अभिनंदन लोढ़ा** ने एक कार्यक्रम के दौरान किया।

हिंदुस्तान टाइम्स इंडिया नेक्स्ट रियल एस्टेट समिट 2026 में बातचीत के दौरान लोढ़ा ने बताया कि वर्ष 2023 में वह ऑस्ट्रेलिया में थे, जब उन्हें स्थानीय समयानुसार रात करीब 3 बजे अमिताभ बच्चन का कॉल और संदेश मिला। संदेश में लिखा था, **"This is Amitabh Bachchan, please call back when convenient."**

लोढ़ा ने बताया कि उन्होंने तुरंत अमिताभ बच्चन को वापस फोन किया। बातचीत के दौरान अभिनेता ने कहा, **"मै उत्तर प्रदेश से हूं और मुझे अयोध्या मे जमीन खरीदनी है।"** इस पर उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी इच्छा पूरी की जाएगी।

लोढ़ा के अनुसार, अमिताभ बच्चन ने सबसे पहले जमीन की कीमत पूछी। उन्होंने बताया कि करीब **15,000 वर्ग फुट** जमीन की कीमत लगभग **15 करोड़ रुपये** होगी। इसके बाद अमिताभ बच्चन ने बिना देरी किए अगले ही दिन पूरी **₹15 करोड़** की राशि भेज दी।

गौरतलब है कि अमिताभ बच्चन ने वर्ष 2024 में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या में **The Sarayu** परियोजना में लगभग **10,000 वर्ग फुट** का पहला प्लॉट खरीदा था। इसके बाद उन्होंने मार्च 2026 में **2.67 एकड़** अतिरिक्त भूमि भी खरीदी। रियल एस्टेट कंपनी HoABL के अनुसार, यह सौदा लगभग **35 करोड़ रुपये** में हुआ था और इसे **AB Corp Ltd.** के प्रबंध निदेशक राजेश यादव के माध्यम से पूरा किया गया।

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद शहर में रियल एस्टेट निवेश तेजी से बढ़ा है और कई प्रमुख उद्योगपति व सेलिब्रिटी यहां संपत्ति

खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.